**दिनांक : 19.04.2025** **समय : 07.10PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार,

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही।
2- चीता प्रोजेक्ट विस्तार के तहत गांधी सागर के जंगल में कल छोड़े जाएंगे दो चीते।
3- जल स्रोतों की शुद्धता व अविरलता भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी, कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
4. प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी। रतलाम, सीधी, सागर, समेत छह जिलों में लू का असर।

समाचार विस्तार से–

प्रधानमंत्री–सऊदी दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के शहजादे और प्रधानमंत्री मोहम्मद–बिन–सलमान के निमंत्रण पर मंगलवार को सऊदी अरब की दो दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने आज बताया कि वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी। इससे पहले सितंबर 2023 में शहजादे मोहम्मद–बिन–सलमान जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली आए थे और उन्होंने भारत–सऊदी अरब कार्यनीतिक भागीदारी परिषद की पहली बैठक की सह–अध्यक्षता की थी।

शाह–लीवर दिवस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। विश्व लीवर दिवस के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित स्वस्थ लीवर–स्वस्थ भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा–

श्री शाह ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम पर विशेष बल दिया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने मस्तिष्क के लिए छह घंटे की नींद समर्पित करें ताकि वे अगले 40–50 साल जी सकें और देश की प्रगति में योगदान दे सकें।

<u>मुख्यमंत्री–चीता</u>

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि चम्बल अंचल में पर्यटन व चीता प्रोजेक्ट के माध्यम से रोजगार बढ़ाने के लिये प्रयास किये जा रहें है। डॉक्टर यादव ने कहा कि चम्बल अंचल में चीता परिवार बढ़ाने का जो कार्य किया गया है, वह पूरी दुनिया में कहीं नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबल अंचल की आवो–हवा में चीता परिवार की वृद्धि 80 प्रतिशत से अधिक हो रही है। चंबल में सभी तरह के अनुकूलता के लिए प्रबंध किये जा रहें हैं। चीता प्रोजेक्ट विस्तार के तहत कल गांधी सागर के जंगल में दो चीता छोड़े जायेंगे। इन दोनों चीता को कूनो से ही गांधी सागर ले जाया गया है।

<u>जल गंगा संवर्धन अभियान</u>

प्रदेश में "जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने

कहा कि जल स्रोतों की शुद्धता व अविरलता भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेशव्यापी यह अभियान जनभागीदारी के रूप में आगे बढ़ता रहे, इसी दिशा में हमारी सरकार प्रयासरत है। **शहडोल** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमएलबी स्कूल की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से जल का महत्व बताया। **देवास जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जनपद पंचायत टोंकखुर्द की ग्राम पंचायत चौबाराधीरा में तालाब गहरीकरण कार्य किया जा रहा है।**

## राज्यपाल संविधान गौरव

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा है कि हमारा संविधान सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है। रायसेन के सिलवानी तहसील के प्रतापगढ़ में आयोजित संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को याद करते हैं, उनकी जीवनी के कई प्रसंग हमारे सामने हैं। हमारे हाथ में पुस्तकें होनी चाहिए। प्रगति की पहली सीढ़ी शिक्षा है। जीवन में उन्नति के लिए पढ़ाई, शिक्षा बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो और स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आदिवासी, गरीब, अति पिछड़े वर्ग के उत्थान और उन्नति के लिए काम करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया गया।

## उपमुख्यमंत्री–रीजनल कॉन्क्लेव

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हाल ही में रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में निवेश के अपार अवसर खुले हैं। विंध्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पतंजलि समूह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी से इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से अमहिया, रीवा स्थित निज निवास पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक सचिव आचार्य श्री बालकृष्ण ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पतंजलि संस्थान द्वारा विंध्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश एवं संभावित औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

## मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। जबकि पिछले चौबीस घंटों के दौरान जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं बारिश हुई। वहीं, रतलाम, सीधी, सागर, दमोह, गुना, शिवपुरी में लू का असर रहा। मंडला, ग्वालियर, शिवपुरी में रात गर्म रही। प्रदेश के तीस शहरों में तापमान तापतान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। छतरपुर के खजुराहो, नौगांव और गुना में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं, **सागर, रतलाम, सीधी और दमोह** में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। **नर्मदापुरम** में झुलसाने वाली गर्मी का दौर जारी है। जिले में तीन दिनों से तापमान 41 डिग्री से 43.6 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर भी सीजन के सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान रतलाम, गुना,सीधी,दमोह और जिला जिलों में लू चलने की संभावना जताई है।

## आई.पी.एल.–क्रिकेट

आई.पी.एल. क्रिकेट में अहमदाबाद में डेल्ही कैपीटल्स के साथ मैच में 204 रन के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाईटंस ने ताजा समाचार मिलने तक ........ ओवर में .......... विकेट पर ...... रन बना लिए थे। पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर डेल्ही कैपीटल्स ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए।

जयपुर में आज शाम राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। यह मैच साढे सात बजे से खेला जाएगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज **गुना** जिला मुख्यालय पर गेल और एनएफएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
- **झाबुआ** जिले में कल राजस्व के लम्बित प्रकरणों का समस–सीमा में निराकरण करने के लिए 11 ग्राम पंचायतों में राजस्व समाधान शिविर का आयोजन किया गया।
- **इंदौर** में गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 08वीं तक की कक्षाओं को दोपहर 12 बजे तक ही संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।
- **शहडोल** रेलवे स्टेशन पर सामाजिक संगठनों, सेवादारों और रेल प्रशासन के सहयोग से जल सेवा का पुनीत कार्य किया जा रहा है।
- एक जिला एक औषधीय उत्पाद योजना के संबध में **आगरमालवा** में आयुष विभाग द्वारा दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- बड़वानी के कृषि उपज मंडी में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 387 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।
- सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान के दो छात्र अंशुल मंडलोई और दक्ष प्रजापति का चयन सातवीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है।
- विश्व लिवर दिवस के अवसर पर आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मंडला जिले के रामनगर में 4 से 5 मई तक आदिवासी लोक संस्कृति और संगोष्ठी पर आधारित आदि उत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही।
2- चीता प्रोजेक्ट विस्तार के तहत गांधी सागर के जंगल में कल छोड़े जाएंगे दो चीते।
3- जल स्रोतों की शुद्धता व अविरलता भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी, कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
4. प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी। रतलाम, सीधी, सागर, समेत छह जिलों में लू का असर।

....................